स्थापित : 1989 ॐ फोन नं. -2280938 मो. नं. -9829067883

हमारा लक्ष्य-समाज सेवा, सुधार, सद्भाव, संगठन



# सर्व ब्राह्मण महासभा ( रजि. )

प्रधान कार्यालय : पंचवटी विद्यापीठ, झरखोरेश्वर मार्ग, बनीपार्क जयपुर-302016

**सेवामें**

**श्रीमान अशोक गहलोत जी**
मुख्यमंत्री
राजस्थान सरकार।

**विषय** :- पुजारी श्री बाबूलाल वैष्णव जी को सच्ची श्रद्धाजंली होगी यदि पुरे प्रदेश में मंदिर माफी की जमीनो को अतिक्रमणो से मुक्त करवाने हेतु कानून लाये।

**महोदय,**

सपोटरा में पुजारी श्री बाबूलाल वैष्णव जी की निर्मम हत्या के बाद पुरे प्रदेश में मंदिर माफी की जमीनो पर एक ठोस फैसला करने की आवश्यकता है। माननीय राजस्थान प्रदेश में लाखो बीघा जमीन जो कि मंदिर माफी की है और उन पर अतिक्रमी कॉलोनिया बसा देते है, मंदिर माफी की जमीनों पर कब्जा कर लेते है और पुजारियों से मारपीट की घटना पिछले कई वर्षो से लगातार बढ रही है।

ऐसे में आपसे आग्रह है कि राजस्व रिकॉर्ड के हिसाब से पुरे प्रदेश में जहा-जहा मंदिर माफी की जमीने हैं उन्हें चिन्हित कर उन पर बसे हुये अतिक्रमियों को हटायें।

माननीय पुजारी श्री बाबूलाल वैष्णव की घटना के संदर्भ में आपका ध्यान आकर्षण करना चाहूंगा की इस प्रकार की घटना भविष्य मे नहीं हो, इसके लिये मंदिर माफी की जमीनों को बचाना आवश्यक है। मंदिर माफी की जमीन का मालिक भगवान होता है और भगवान को नाबालिग कहा गया है। ऐसे में पुजारी ही मंदिर माफी की जमीन की देखरेख करता है। ऐसे में यदि मंदिर माफी की जमीन के लिये कोई विवाद होता है तो पुजारी को और उसके परिवार को हानि होती है ।

सर्व ब्राह्मण महासभा चाहती है कि पुरे प्रदेश में सामाजिक सद्भाव बना रहे और सब मिल जुलकर रहें। इस भावना के साथ यदि मंदिर माफी की जमीनों के लिये कोई कानून बनाते है तो निश्चित रूप से पुजारी श्री बाबूलाल वैष्णव को सच्ची श्रद्धाजंली होगी। पुनः आपसे आग्रह है कि इस विषय पर जल्द से जल्द निर्णय ले।

**भवदीय**

सुरेश मिश्रा

**पं. सुरेश मिश्रा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सर्व ब्राह्मण महासभा